भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
10.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2645 का उत्तर

कुंभ मेले के लिए व्यवस्था

2645. डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने 2021 के महाकुंभ मेले के दौरान हरिद्वार जाने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा उक्त उद्देश्य के लिए चलाई जा रही विशेष ट्रेनों की संख्या कितनी है;
(घ) क्या दुनिया भर से साधु-संतों, आम तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की बड़ी संख्या की आवश्यकता को पूरा करने के लिए गाड़ियों की वर्तमान उपलब्धता पर्याप्त नहीं है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ) : हरिद्वार में कुंभ मेला (जनवरी-अप्रैल, 2021) के लिए, भारतीय रेल ने मौजूदा कोविड-19 की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकारों की चिंताओं और सुझावों को

S.K

ध्यान में रखकर पर्याप्त व्यवस्था की है। 12 जोड़ी कुंभ मेला स्पेशल, जो हरिद्वार जाने वाली मौजूदा सेवाओं के अतिरिक्त हैं, का परिचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, तीर्थ यात्रियों को रेलगाड़ी में अतिरिक्त स्थान मुहैया करवाने के लिए हरिद्वार की ओर जाने वाली रेलगाड़ियों में 15 जोड़ी रेलगाड़ियों की वृद्धि की गई है।

*****

S.K